### एक नजर में

## शनिवार को कई इलाकों में 6 घंटे गुल रहेगी बिजली

**गुना।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार, 20 दिसंबर को आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के चलते विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रखी जाएगी। जिसमें कोर्ट परिसर, न्यू कलेक्ट्रेट परिसर, एसपी बंगला क्षेत्र, लूशन का बगीचा, घोसीपुरा, बासखेड़ी, गोविंद गार्डन, लाल परेड, सीताराम कॉलोनी और मटकरी कॉलोनी सहित आसपास के इलाकों में बिजली नहीं रहेगी। इसके साथ ही मथुरा नगर, भार्गव, नजूल, सरस्वती विहार कॉलोनी, जयस्तंभ चौराहा, सोनी कॉलोनी, दुबे, चौधरन और तलैया मोहल्ला के रहवासियों को भी बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि आसमानी माता, न्यू टेकरी रोड, हाटरोड, हनुमान चौराहा, पुरानी गल्ला मंडी, राधा कॉलोनी, छाबड़ा कॉलोनी, नई सड़क, आशीर्वाद रोड, अस्पताल चौराहा शामिज है।

### सरपंच पक्ष पर 'थार' से गुंडे बुलाकर आतंक मचाने का आरोप, 70 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर घायल

# बमोरी के सोनखरा में खलियान के विवाद में खूनी संघर्ष

नवभारत न्यूज

**गुना 19 दिस. का। जिले के बमोरी थाना अंतर्गत ग्राम सोनखरा में शुक्रवार दोपहर खलियान की जमीन को लेकर शुरू हुआ विवाद एक बड़ी हिंसक वारदात में तब्दील हो गया। आरोप है कि गांव के सरपंच परिवार ने गुना से 'थार' गाड़ी में भरकर गुंडे बुलाए और पूरे गांव में फिल्मी अंदाज में उत्पात मचाया। इस हमले में गांव के बुजुर्ग और 'पटेल' कहे जाने वाले 70 वर्षीय शंकर लाल धाकड़ गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है।**





घटना दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच की है। बताया जा रहा है कि सरपंच द्वारा खलियान की जगह पर पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा था। ग्रामीणों ने मांग की थी कि खलियान में उनका चारा रखा हुआ है, जिसे हटाने के लिए कुछ दिनों का समय दिया जाए। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा। मौके पर जेसीबी बुलाई गई और नारायणलाल नामक व्यक्ति के साथ मारपीट शुरू हुई। इसी दौरान खलियान में रखे चारे में भी आग लगा दी गई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

हैरान करने वाला आरोप यह है कि जब ग्रामीण शिकायत लेकर थाने पहुँचे, तो पुलिस ने उन्हें वहीं बैठा लिया। इसी बीच, आरोप है कि सरपंच का बेटा 'थार' गाड़ी में शहर से आए गुंडों को लेकर गांव पहुँचा। पीड़ित पक्ष का कहना है कि हमलावरों ने घर-घर जाकर दस्तक दी और महिलाओं के साथ अभद्रता की।

अरविंद धाकड़ नामक युवक ने आरोप लगाया कि उसके घर में लूटपाट की गई और हमलावरों ने फिल्मी अंदाज में पूछा— मेरे पिता से बदसलूकी करने वाला कौन है? हमले में गांव के सम्मानित बुजुर्ग शंकरलाल धाकड़ को बेरहमी से पीटा गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमलावरों ने न केवल तोड़फोड़ की, बल्कि जाते-जाते धमकी भी दी कि 4 दिनों के भीतर अरविंद के पिता की हत्या कर दी जाएगी। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि जब वे सुरक्षा की उम्मीद में थाने में थे, तब गांव में उनके परिवारों और संपत्ति पर हमला किया गया। क्षेत्र में अभी भी तनाव की स्थिति बनी हुई है और पीड़ित पक्ष ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और सख्त कार्यवाही की मांग की है।

**पुलिस की मौजूदगी में भिड़े दोनों पक्ष**

इस घटना की जानकारी मिलने पर बमोरी पुलिस मौके पर पहुंची और विवाद शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन दोनों पक्ष इतना उग्र हो गए कि पुलिस की मौजूदगी में ही मारपीट करने लगे। जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें अलग-अलग किया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, एसडीएम शिवानी पांडे सहित कई अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे और पीड़ित पक्ष से बातचीत करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### चर्चाओं में रहा था थार कांड

गौरतलब है कि बमौरी ब्लॉक के ही फतेहगढ़ स्थित गणेशपुरा गांव में कुछ महीने पहले ही थार कांड जैसी सनसनीखेज घटना सामने आ चुकी है। तब कुछ दबंगों द्वारा एक किसान की जमीनी विवाद को लेकर थार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना को लेकर प्रदेशभर में बवाल मचा था। अब एक बार फिर बमौरी के सोनखरा में थार वाहन से उत्पात मचाने का जिक्र किया जा रहा है। लिहाजा पुलिस और प्रशासन फूंक-फूंककर कदम रख रहे हैं।

## पुरानी छावनी में बिजली केबल में लगी भीषण आग, सड़क पर फैला करंट



**गुना।** शहर के पुरानी छावनी क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब बिजली के खंभे पर दौड़ रही केबल अचानक आग के गोले में तब्दील हो गई। आग लगने के बाद जलती हुई केबल सीधे सड़क पर आ गिरी, जिससे पूरी सड़क पर करंट फैल गया। गनीमत रही कि घटना सुबह करीब 7 बजे की है और सड़क पर आवाजाही कम थी, वरना कोई बड़ी जनहानि हो सकती थी। स्थानीय निवासियों के अनुसार, सुबह अचानक खंभे से चिंगारियां उठीं और देखते ही देखते पूरी केबल जलने लगी। करंट फैलने के डर से लोगों ने तुरंत आसपास का रास्ता रोक दिया और एक-दूसरे को सतर्क किया।

सूचना मिलने के बाद एहतियातन पूरे क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के प्रति भारी रोष है। रहवासियों ने विभाग पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कुछ समय पहले ही यहाँ बिजली का खंभा गिरा था, जिसे ठीक करते समय बेहद निम्न स्तर की केबल लगाई गई थी। लोगों का कहना है कि विभाग आए दिन मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली कटौती करता है, लेकिन इसके बावजूद आए दिन ऐसे शॉर्ट सर्किट और आगजनी की घटनाएं हो रही हैं।

पुरानी छावनी के नागरिकों का कहना है कि विभाग की लापरवाही किसी की जान ले सकती है। क्षेत्र की बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



## औपचारिक रूप से जगनपुर शिफ्ट हुए एसडीएम और तहसील कार्यालय

**गुना।** जगनपुरा स्थित नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय तथा शहरी एवं ग्रामीण तहसील कार्यालय का कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने विधिवत औपचारिक शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संपन्न पूजा-पाठ से हुई। शुभारंभ के उपरांत कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय कक्ष, एसडीएम कोर्ट, स्टेनो एवं रीडर कक्ष सहित तहसील न्यायालय और कार्यालय के विभिन्न कक्षों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कन्याल ने उपस्थित अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और जनहित में सुचारू, पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवीन परिसर में पर्याप्त स्थान और सुव्यवस्थित संरचना उपलब्ध होने से सरकारी अभिलेखों का सुरक्षित और क्रमबद्ध रख-रखाव संभव होगा। इस नई व्यवस्था से आम नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण में काफी सुविधा मिलेगी। नवीन कार्यालय के शुभारंभ से राजस्व अमले में विशेष उत्साह का माहौल देखा गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, एसडीएम शिवानी पांडे, डिप्टी कलेक्टर मंजूषा खत्री, तहसीलदार जी.एस. बैरवा, तहसीलदार कमल मंडेरिया, कार्यपालन यंत्री पीआईयू के.एस. उईके सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। नवीन परिसर के संचालन से अब शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के राजस्व मामलों का निपटारा एक ही स्थान से अधिक सुगमता के साथ हो सकेगा।

## अजीबोगरीब खेल : एक ही ट्रेन, एक ही रूट लेकिन किराए में जमीन-आसमान का अंतर

**गुना।** रेलवे की कार्यप्रणाली अक्सर चर्चाओं में रहती है, लेकिन बीना-कोटा-बीना मेमू ट्रेन गाड़ी संख्या 11603/11604 के किराए को लेकर जो मामला सामने आया है, उसने यात्रियों को हैरान कर दिया है। एक ही ट्रेन में सफर करने के बावजूद दो अलग-अलग मंडलों में किराए की दरें अलग-अलग वसूली जा रही हैं, जिसे लेकर अब विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। इस मेमू ट्रेन के किराए में भारी विसंगति देखी जा रही है। चौंकाने वाला तथ्य यह है कि यदि कोई यात्री गुना से अशोकनगर जाता है, तो उससे केवल 10 रुपये किराया लिया जाता है। वहीं, जब वही यात्री वापसी में अशोकनगर से गुना की यात्रा करता है, तो उसे 30 रुपये चुकाने पड़ रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि यह भेदभाव समझ से परे है और सीधे तौर पर आम जनता की जेब पर डाका है। सामाजिक कार्यकर्ता सुनील आचार्य ने इस विसंगति को उजागर करते हुए उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी है। सुनील आचार्य ने इस मामले को लेकर रेलवे बोर्ड अध्यक्ष दिल्ली, महाप्रबंधक जबलपुर और मंडल रेल प्रबंधक भोपाल को पत्र एवं ई-मेल के जरिए शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने इसे भोपाल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों की लापरवाही करार देते हुए इसे रेल प्रशासन के नियमों की खुली अवहेलना बताया है।

## चंदेल समाज ने सौंपा ज्ञापन, पीड़ित परिवार के लिए जुटाई राशि



नवभारत न्यूज

**गुना।** सागर जिले के नरियावली थाना क्षेत्र में चंदेल समाज के एक परिवार को जिंदा जलाने की कोशिश के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस जघन्य अपराध के विरोध में गुना जिले का चंदेल-चिढ़ार समाज भी एकजुट हो गया है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुँचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में दी गई जानकारी के अनुसार, घटना 15 दिसंबर की है। सागर के चांद महू गाँव में एक सिरफिरे युवक ने समाज की एक युवती को मिलने के लिए बुलाया था। जब युवती ने आने से इनकार कर दिया, तो आरोपी ने प्रतिशोध में आकर युवती के घर के बाहर से कुंडी लगा दी और पूरे घर में आग लगा दी। पीड़ित युवती का दावा है कि उसने आरोपी को मौके से भागते हुए देखा था। चंदेल समाज ने आरोप लगाया है कि स्थानीय पुलिस और प्रशासन इस मामले में अब तक ठोस कार्रवाई करने में विफल रहे हैं। समाज ने राज्य सरकार और पुलिस से मांग की है कि इस सनसनीखेज मामले की जांच के लिए तत्काल एसआईटी का गठन किया जाए।

ज्ञापन सौंपने के साथ ही गुना के चंदेल समाज ने मानवीय पक्ष दिखाते हुए पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद का संकल्प लिया। समाज के लोगों ने आपस में चंदा कर एक सम्मानजनक राशि एकत्रित की, जिसे सागर स्थित पीड़ित परिवार को भेजा जाएगा ताकि वे अपना उपचार और कानूनी लड़ाई जारी रख सकें।

## उपभोक्ता फोरम का बड़ा फैसला, 999 की जैकेट के 1299 वसूलने पर रिलायंस ट्रेंड्स को 25 हजार का फटका

**गुना।** उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी और एमआरपी से अधिक दाम वसूलने वाले संस्थानों के खिलाफ जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम ने एक कड़ा संदेश दिया है। दरअसल, कृष्णानी कॉलोनी निवासी अंकित दुबे ने 8 दिसंबर 2024 को गुना के रिलायंस ट्रेंड्स मॉल से एक जैकेट खरीदी थी। जैकेट के टैग पर एमपीआर 999 अंकित थी, लेकिन जब वे पेमेंट काउंटर पर पहुँचे, तो मॉल प्रबंधन ने उनसे 1299 वसूले। जब अंकित ने इसका विरोध किया, तो प्रबंधन ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि जो सिस्टम में सेट है, वही चार्ज वसूला जाएगा। मॉल के अड़ियल रवैये और दुर्व्यवहार से परेशान होकर अंकित दुबे ने अपने अधिवक्ता दीपक कुमार रजक के माध्यम से 11 मार्च को उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया। इस मामले में स्थानीय मॉल के साथ-साथ रिलायंस के मुंबई स्थित कॉपोरेट ऑफिस को भी नोटिस भेजा गया था। मामले की सुनवाई के बाद 18 दिसंबर को जिला उपभोक्ता फोरम ने स्पष्ट किया कि एमआरपी से अधिक राशि वसूलना और उपभोक्ता के साथ दुर्व्यवहार करना कानूनन गलत है। फोरम ने फैसला सुनाया कि मॉल को उपभोक्ता से वसूले गए अतिरिक्त 300 तुरंत वापस करने होंगे। उपभोक्ता को हुई परेशानी और मानसिक कष्ट के लिए 20 हजार की क्षतिपूर्ति राशि देनी होगी। कानूनी लड़ाई के खर्च के रूप में 5 हजार अलग से भुगतान करने होंगे। यह फैसला उन सभी संस्थानों के लिए चेतावनी है।

## हाईवे पर चलते ट्रक से केबल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश



**गुना।** शिवपुरी निवासी ट्रक चालक प्रेमनारायण धाकड़ ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह गुजरात के सिलवासा से आर.आर. केबल का माल लोड कर लखनऊ जा रहा था। इसी दौरान 15 अक्टूबर को गुना बायपास पर चिंताहरण मंदिर के समीप अज्ञात बदमाशों ने चलते ट्रक की तिरपाल काटकर केबल के 12 बंडल पार कर दिए थे। इस शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अंकित सोनी द्वारा दिए गए निदेर्शों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मानसिंह ठाकुर और सीएसपी श्रीमती प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के साथ-साथ तकनीकी संसाधनों और साइबर सेल की मदद से अज्ञात आरोपियों की पतारसी की। सघन तलाश और सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने पुरानी छावनी निवासी तीन आरोपियों अभिषेक कुशवाह, राजा कुशवाह और कृष्णा उर्फ तांतरे कुशवाह को घेराबंदी कर धर दबोचा। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए आर.आर. केबल के सभी 12 बंडल सफलतापूर्वक बरामद कर लिए हैं। इस सफलता से हाईवे पर सक्रिय अपराधियों में भय का माहौल है और ट्रांसपोर्टरों ने कार्यवाही की प्रशंसा की है।

## द्वारकाधीश टाउनशिप चोरी के तीनों अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

**गुना।** कैंट थाना पुलिस ने द्वारकाधीश टाउनशिप कॉलोनी में हुई सनसनीखेज चोरी का खुलासा करते हुए एक शातिर अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए शत-प्रतिशत आभूषण बरामद कर लिए हैं और वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी जब्त की है। बीती 2 दिसंबर को द्वारकाधीश टाउनशिप निवासी जुगल किशोर ठाकुर के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने करीब 50 हजार रुपये नगदी, मंगलसूत्र, चांदी की मूर्तियां, सोने की चेन और अंगूठियां चोरी कर ली थीं। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक ने कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की थी। पुलिस टीम ने आरोपियों को पकड़ने पंजाब, हरियाणा और बिहार जैसे राज्यों में दबिश दी और लंबी मशक्कत के बाद लुधियााना निवासी जसवीर उर्फ जस्सी जाट, बिहार के छपरा से राजेश शाह के साथ राजू जाट नामक शख्स को गिरफ्तार किया है। जबकि वारदात में शामिल एक और संदिग्ध वीरेंद्र पासवान फरार बताया जा रहा है। गुना पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी शातिर और पेशेवर हैं।



## संजय मीना बने ब्लॉकाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में उत्साह

**गुना।** जिले के युवा कांग्रेस नेता और संगठन के कर्मठ सिपाही डॉ. संजय मीना (रानीखैजरा) को अपनी मेहनत और पार्टी में निष्ठा का पुरुस्कार मिल गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने डॉ. संजय मीना को चांचौड़ा ब्लॉक अध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति की घोषणा होते ही चांचौड़ा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार है। चांचौड़ा क्षेत्र में कांग्रेसजनों द्वारा हर्ष जताया गया और डॉ. संजय मीना को निरंतर बधाई दी है। ब्लॉक अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर डॉ. संजय मीना रानीखैजरा ने कहा कि जयवर्धन सिंह और कांग्रेस नेतृत्व ने उनपर विश्वास जताया है, वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और जिला अध्यक्ष जयवर्धन सिंह का आभार व्यक्त किया है।




## ध्यान-योग कार्यशाला का आगाज तनाव मुक्त होंगे खाकी के सिपाही

**गुना।** पुलिस विभाग में कार्य की अधिकता और जिम्मेदारियों के बीच तनाव को कम करने और मानसिक शांति की ओर कदम बढ़ाते हुए गुना पुलिस द्वारा तीन दिवसीय ध्यान-योग कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। एसपी अंकित सोनी के निर्देशन में शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को ध्यान के गुर सिखाए गए। संयुक्त राष्ट्र महासंघ द्वारा घोषित 21 दिसंबर 'विश्व ध्यान दिवस' के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यशाला में हार्टफुलनेस संस्था के विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। संस्था के जोन को-ऑर्डिनेटर अरविंद वत्स के नेतृत्व में विशेषज्ञ रचना शर्मा, आर.बी. शर्मा और प्रभात सोनी ने पुलिस बल को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण देने वालों में बेहतर एकग्राता, पारिवारिक सामंजस्य, स्वास्थ्य लाभ, व्यसन मुक्ति, तनाव प्रबंधन और संवाद कौशल के ध्यान को नियमित रूप से अपनाना जरूरी बताया। कार्यशाला में जिला पुलिस बल और 26वीं वाहिनी के करीब 150 से 200 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। जिसका मुख्य उद्देश्य पुलिस बल के भीतर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और उनके संवाद कौशल को निखारना है ताकि वे जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और बेहतर तरीके से निभा सकें।

# हेलमेट और सीट बेल्ट के लिए चलेगा विशेष अभियान

## सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर सख्त, ब्लैक स्पॉट सुधारने के निर्देश

**गुना।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए कई कड़े निर्णय लिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया सहित पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक के दौरान कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि सड़क सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके। उन्होंने ट्रैफिक टीआई को विशेष रूप से निर्देशित किया कि कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और न्यायालय परिसर जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर हेलमेट एवं सीट बेल्ट की सघन जांच की जाए। यातायात पुलिस द्वारा जानकारी दी गई कि अब तक विभिन्न उल्लंघनों पर 18,484 चालानी कार्रवाई की जा चुकी है और 234 वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त करने के प्रस्ताव परिवहन कार्यालय भेजे गए हैं। शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कलेक्टर ने स्वयं निरीक्षण करने की बात कही और ट्रैफिक पुलिस एवं नगर पालिका को संयुक्त रूप से क्रेन संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्रेन से हटाए गए वाहनों पर चालानी शुल्क की प्रभावी वसूली की जाए। इसके साथ ही नगर पालिका को पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन करने और सड़कों पर लाइनिंग व रोड मार्किंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि वाहन चालकों को स्पष्ट मार्गदर्शन मिल सके। जिले के दुर्घटना संभावित 'ब्लैक स्पॉट्स' को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एक संयुक्त टीम बनाकर इन स्थानों पर तत्काल सुधार कार्य सुनिश्चित किए जाएं। बैठक के समापन पर उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

नागरिकों में जागरूकता लाने के लिए परिवहन नियमों, आपदा प्रबंधन के तरीकों और मोबाइल के सावधानीपूर्वक उपयोग से संबंधित पंपलेट वितरित करने के निर्देश भी दिए गए।




## शिवाजी नगर में कुत्तों का आतंक, दो बच्चों को बनाया शिकार

**गुना।** नगरपालिका की लापरवाही और आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक ने शिवाजी नगर के रहवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। शुक्रवार को कुत्तों के हमले में दो स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके कारण एक छात्रा अपनी वार्षिक परीक्षा तक नहीं दे पाई। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत और रोष का माहौल है। दरअसल, शिवाजी नगर निवासी मनोज कुमार जैन की सुपुत्री गौरवी जैन शुक्रवार सुबह घर से बिस्कुट लेने निकली थी। इसी दौरान दो आवारा कुत्तों ने उस पर अचानक हमला कर दिया। गौरवी का आज हिंदी का पेपर था, लेकिन इस हमले के कारण वह स्कूल नहीं जा सकी और उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। इसी क्षेत्र में एक अन्य घटना में अभिषेक नामक छात्र जब पतंग लेकर लौट रहा था, तभी एक खूंखार कुत्ते ने उसे अपना निशाना बनाया। कुत्ते ने अभिषेक की गर्दन पर गहरा घाव कर दिया है। स्थानीय लोगों ने बमुश्किल बच्चे को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगरपालिका की लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। गौरवी के पिता मनोज कुमार जैन ने बताया कि नगरपालिका ने हाल ही में क्षेत्र में कुत्ता पकड़ो अभियान चलाया था। लेकिन कर्मचारियों ने कथित तौर पर उन शांत कुत्तों को पकड़ लिया जिनसे कोई खतरा नहीं था, जबकि 'पागल' और हिंसक कुत्तों को उनके हाल पर ही छोड़ दिया।